संख्या–1325 Fc9/अड़तीस–6–2012–1जीआई/2010टी.सी–IV (1)

प्रेषक,

जावेद उस्मानी,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

ग्राम्य विकास अनुभाग–6 लखनऊः दिनांकः 11 सितम्बर 2012

विषयः– सामाजिक आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011(**SECC-2011**) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के निम्नलिखित पत्रों का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा प्रदेश में संचालित सामाजिक–आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011 के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैंः–

(1) दिनांक 12–04–2012 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त कार्यवाही हेतु प्रसारित करने विषयक पृष्ठांकनपत्र संख्या–394/38–6–2012–01जीआई/2010टीसी, दिनांक–19–04–2012
(2) पृष्ठांकन पत्र संख्या–442/38–6–2012–01जीआई/2010टीसी, दिनांक 25–04–2012
(3) पत्र संख्या–489/38–6–2012–01जीआई/2010टीसी–।।,दिनांक 02–05–2012
(4) पत्रसंख्या–787/38–6–2012–01जीआई/2010टीसी, दिनांक 05–07–2012
(5) पत्रसंख्या–736/38–6–2012–01जीआई/10टीसी–।।, दिनांक 24–7–2012

उक्त निर्देश पत्रों के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर दिनांक 14–7–2012 को आयोजित मण्डलीय समीक्षा बैठक में सामाजिक–आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011 की प्रगति समीक्षा भी की गयी थी, जिसमें लखनऊ, कानपुर एवं इलाहाबाद मण्डल में कार्य की स्थिति ठीक नहीं पायी गयी थी। उक्त बैठक का कार्यवृत्त समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0 को शासन के पत्र संख्या–1053/31–2012–11/2012, दिनांक 25 जुलाई, 2012 द्वारा पूर्व में ही प्रसारित है, तद्नुसार संलग्न समय सारिणी के अनुरूप समयबद्ध कार्य सम्पादन हेतु समस्त मण्डलायुक्त के स्तर से अपर आयुक्त/संयुक्त विकास आयुक्त को जिम्मेदारी दी जाय और जनगणना कार्य की प्रगति प्रतिदिन प्रेषित करने के भी निर्देश दिये जायें।

2– भारत सरकार के निर्देशानुसार सामाजिक आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011 के प्रथम चरण (ग्रामीण क्षेत्र) का कार्य प्रदेश के सभी जनपदों में प्रगति पर है एवं कई जनपदों में यह लगभग पूर्णता की स्थिति में है। तत्समय नगर निकाय चुनावों के कारण नगर निगमों एवं नगर निकायों में सामाजिक–आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011, द्वितीय चरण में दिनांक 01 अक्टूबर,2012 से प्रारम्भ की जानी है। पूर्व निर्धारित पर्यवेक्षण व्यवस्था के अतिरिक्त, नगरीय क्षेत्रों में जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण का दायित्व मूलतः नगर विकास विभाग का है एवं इसमें मण्डलायुक्तों की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है।

3– शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांकः 16–04–2012 द्वारा समस्त नगर आयुक्त, उत्तर प्रदेश को सम्बन्धित नगर निगम क्षेत्रों हेतु जिला सामाजिक–आर्थिक एवं जाति जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण हेतु शासनादेश संख्या–759/38–6–2012–01जीआई/2010टीसी–IV,दिनांक–10–7–2012द्वारा विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों को (मण्डलवार) पर्यवेक्षण हेतु नामित किया गया है तथा जनपद स्तर से प्रत्येक चार्ज सेन्टर के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षक नामित करने हेतु समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को निर्देश पूर्व में ही निर्गत किये जा चुके हैं।

4– सामाजिक–आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011 सरकार की शीर्ष प्राथमिकता का कार्य है जिसे निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार पूर्ण कराया जाना है। उक्त कार्य की दैनिक प्रगति समीक्षा एवं संबंधित समस्याओं/बाधाओं का निराकरण कराते हुए प्रत्येक दशा में निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार सामाजिक–आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011 का कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाना है।

5– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नगर निकायों की सामाजिक–आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011 के कार्य की मण्डलायुक्तों के स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। आप कृपया सप्ताह में दो बार अपने स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा करते हुए जनगणना कार्य में आ रही कठिनाईयों का तत्काल समाधान करायें एवं समीक्षा बैठक के उपरान्त विस्तृत आख्या प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग एवं प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग को उपलब्ध करायें।

संलग्नक–समय–सारिणी।

भवदीय,

(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव।

संख्या-132 sFcc (1)/अड़तीस–6–2012–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त नगर आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7. गार्डबुक।

आज्ञा से,

(लक्ष्मी कान्त शुक्ल)
विशेष सचिव।

शासनादेश संख्या– /38–6–2012–1जीआई/10टीसी–iv(1), दिनांक– सितम्बर, 2012 का संलग्नक।

सामाजिक–आर्थिक एवं जाति जनगणना–2011 की समय–सारिणी

चरण	प्रारम्भ होने की तिथि	अन्तिम सूची के प्रकाशन की तिथि	भारत सरकार को जनगणना के अन्तिम ऑकड़ें भेजने की टारगेट तिथि
प्रथम	15 जून, 2012	30 नवम्बर, 2012	31 जनवरी, 2013
द्वितीय	01 अक्टूबर, 2012	01 जनवरी, 2013	31 जनवरी, 2013